WWW.JAGRANJOSH.COM

# यूपीपीसीएस अवर अधीनस्थ परीक्षा 2009 : समाज शास्त्र

# विषय : समाजशास्त्र

# Sub : SOCIOLOGY

**पूर्णांक : 200**
**समय : 2 घण्टे**

**Max. Marks : 200**
**Time : 2 Hours**

अपना अनुक्रमांक बॉक्स में लिखें (अंकों में / शब्दों में) ।
Write your Roll Number in the box (in numbers / in words)

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बाल प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करें ।
To mark Answer use Black ball point pen only.

जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।
Till told, do not open the booklet.

अभ्यर्थी उत्तर पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
Candidate must read all the instructions before writing the answers.

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा उपरांत उत्तर-पत्रक इनविजिलेटर को लौटा दें ।
You are to mark your answer on Answer Sheet only. After the examination is over, handover the Answer Sheet to the Invigilator.

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
2. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न-पत्र का सही कोड एवं सीरीज अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
3. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं । अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **काले बाल प्वाइंट पेन** से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
4. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें । यदि आप रफ कार्य करना चाहते हैं तो आप इनविजिलेटर से वर्किंग शीट माँग लें व इस पर वांछित सूचनायें भर लें ।
5. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो इनविजिलेटर को दिखाकर उसी सीरीज व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. The candidate should indicate the correct Roll Number, Subject, Paper Code and its Series on the Answer-Sheet, otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
3. This booklet contains **100** questions. Each question has 4 alternative answers. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the answer sheet using **black ball point pen.** If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be examined.
4. Nothing is to be written on the cover page or any other page of this booklet. If you need a working sheet to do your rough work, please ask the invigilator for it and mention required information on it.
5. If you happen to find that the booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the invigilator to get another booklet of same series and code.

## समाजशास्त्र

1. निम्नांकित में किसने सावयव की तुलना समाज के साथ विकसित की ?
(a) टी.एच. मार्शल
(b) एच. स्पेन्सर
(c) पी.ए. सोरोकिन
(d) टी. बोटोमोर

2. निम्नांकित समाजशास्त्रियों में कौन इण्डियन सोसियोलॉजिकल सोसाइटी के संस्थापक हैं ?
(a) आर.के. मुकर्जी
(b) डी.एन. मजुमदार
(c) एम.एन. श्रीनिवास
(d) जी.एस. घुरये

3. विधवा पुनर्विवाह अधिनियम कब पारित हुआ ?
(a) 1829 (b) 1856
(c) 1929 (d) 1955

4. भारतीय समाजशास्त्रियों में कौन इस बात के लिए बहुत स्पष्ट वक्ता है कि हिन्दू भावनाएँ अब भी संयुक्त परिवार के पक्ष में हैं ?
(a) के.एम. कपाड़िया
(b) पी.एन. प्रभु
(c) आर.के. मुकर्जी
(d) एम.एन. श्रीनिवास

5. कौन अत्यधिक उपयुक्त है ?
(a) 'कर्म' एवं धर्म का ढंग जाति व्यवस्था के साथ कुछ नहीं कर सकता ।
(b) कर्म एवं धर्म का ढंग हिन्दूवाद में सक्रिय हो सकता है, परन्तु जाति व्यवस्था के साथ कुछ नहीं कर सकता ।
(c) जाति व्यवस्था की एक प्रमुख अविच्छिन्न शक्ति कर्म एवं धर्म की धारणा है ।
(d) जाति व्यवस्था का कर्म एवं धर्म से कोई सम्बन्ध नहीं है ।

6. अस्पृश्यता के 'ब्रोकेनमैन थियोरी' को सर्वप्रथम किसने प्रोन्नत किया ?
(a) बी.आर. अम्बेडकर
(b) स्टीफेन कोल
(c) जी.एस. घुरये
(d) एम.एन. श्रीनिवास

7. भारत में जाति के अन्तर्गत गतिशीलता का विश्लेषण करने के लिए किसने सन्दर्भ समूह सिद्धान्त को व्यवहृत किया था ?
(a) एम.एस.एस. पान्डियन
(b) एम.एस.ए. राव
(c) वाई.बी. दामले
(d) एम.एन. श्रीनिवास

8. समाजशास्त्रीय प्रभाववाद की अवधारणा प्रणीत की है
(a) डेविड फ्रिसबी ने
(b) एन्थनी गिडेन्स ने
(c) अलरिच बेक ने
(d) जिगमन्ट बौमन ने

9. किसने कहा है कि 'आदिवासी पिछड़े हिन्दू हैं' ?
(a) एन.के. बोस
(b) जी.एस. घुरये
(c) डी.एन. मजुमदार
(d) सुरजीत सिन्हा

10. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा सूचियों के अन्त में दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (पुस्तक) | सूची-II (लेखक) |
|---|---|
| A. सोशल चेन्ज इन मार्डन इंडिया | 1. एम.एन. श्रीनिवास |
| B. इन्डियाज चेन्जिंग विलेजेज | 2. एस.सी. दुबे |
| C. कास्ट क्लास एण्ड ऑकुपेशन | 3. जी.एस. घुरये |
| D. हिन्दू संस्कार | 4. आर.बी. पान्डेय |
| | 5. पी.सी. जोशी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 5 | 3 |
| (d) | 5 | 1 | 4 | 2 |

11. 'द पोजीशन ऑफ वीमेन इन हिन्दू सिविलाइजेशन' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(a) के.एम. कपाड़िया
(b) पी.एन. प्रभु
(c) जी.एस. घुरये
(d) ए.एस. अल्तेकर

12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (अवधारणा) | सूची-II (प्रतिपादक) |
|---|---|
| A. प्रभु समूह | 1. लुडविग गुम्प्लोविज |
| B. प्रभु व्यक्ति | 2. ऐंथानी कार्टर |
| C. प्रभु समुदाय | 3. एस.सी. दुबे |
| D. विजेता समूह | 4. रॉय बर्मन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

13. "द फिलोसॉफी ऑफ मनी" पुस्तक किसने लिखा ?
(a) आर.के. मर्टन
(b) जार्ज़ सिमेल
(c) टी. पार्सन्स
(d) एफ.एस. चेपिन

14. किसने यह मत प्रस्तुत किया कि सभी असन्तोष का स्रोत परिवार है ?
(a) कार्ल मार्क्स
(b) इमाईल दुर्खीम
(c) ए. लीच
(d) सी.एच. कूले

15. आधुनिक समय में परिवार के सम्बन्धों में परिवर्तन लाने में कौन सा कारक मुख्य रूप से उत्तरदायी है ?
(a) स्थानिक गतिशीलता
(b) आधुनिकता
(c) महिलाओं की प्रस्थिति
(d) उपर्युक्त सभी

16. निम्न में से किसने 'सत्ता' को 'औपचारिक शक्ति के रूप में' परिभाषित किया ?
(a) एच.डी. लॉसवेल
(b) अब्राहम कॅपलान
(c) सी.जे. फ्रेडरिक
(d) दोनों (a) एवं (b)

17. अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष का आयोजन जिस वर्ष में हुआ वह
(a) 1975 (b) 1980
(c) 1984 (d) 1990

18. निम्नांकित में किस समाजशास्त्री ने 'हाइपर रियलिटि' की अवधारणा प्रस्तुत की है ?
(a) पी.ए. सोरोकिन
(b) ज्याँ बौड्रिलार्ड
(c) पीयरे बोर्दियो
(d) एन्थनी गिडेन्स

19. मर्टन के प्रकार्यात्मक विश्लेषण के अनुसार आधुनिक समाज में एकता बनाएँ रखने के लिए धर्म का विकल्प कौन सी संस्था है ?
(a) प्रथाएँ
(b) जादू
(c) श्रम-विभाजन
(d) राजनीतिक संगठन

20. किसने कहा कि निजी सम्पत्ति का सामाजिक न्याय के साथ सहअस्तित्व है ?
(a) मैकाईवर
(b) बार्कर
(c) लास्की
(d) बेन एवं पीटर्स

**21.** निम्नांकित में कौन प्रत्यायन और बाध्यता को सामाजिक नियंत्रण के साधन के रूप में व्यक्त करता है ?
(a) एफ. टेगार्ट
(b) किंबाल यंग
(c) सी.एच. कूले
(d) आर.एम. मैकाईवर

**22.** अस्पृश्यता अपराध अधिनियम 1955 पारित किया गया
(a) अस्पृश्यता के सभी प्रारूपों पर नियंत्रण हेतु ।
(b) भारतीय समाज में जाति पदक्रम को प्रोन्नत करने हेतु ।
(c) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों में प्रतिशोधात्मक अभिवृत्ति को विकसित करने हेतु ।
(d) उपर्युक्त सभी ।

**23.** सामाजिक परिवर्तन का चुनौती और प्रत्युत्तर सिद्धांत किसने दिया ?
(a) सोरोकिन (b) पार्सन्स
(c) टायनबी (d) पैरेटो

**24.** निम्नांकित में भारतीय समाज के अध्ययनार्थ कौन द्वन्द्वात्मक अभिगम के प्रणेता हैं ?
(a) एम.एन. श्रीनिवास
(b) आन्द्रे बेतेई
(c) ए.आर. देसाई
(d) डी.पी. मुकर्जी

**25.** परम्परागत समाज में निम्न में से कौन सा सामाजिक नियंत्रण का मुख्य अभिकरण था ?
(a) परिवार
(b) पड़ोस
(c) धर्म
(d) राज्य

**26.** पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम लागू हुआ
(a) 1986 ई. से (b) 1987 ई. से
(c) 1988 ई. से (d) 1996 ई. से

**27.** किस वर्ष महिलाओं के विरुद्ध हिंसा अधिनियम पारित हुआ ?
(a) 2005 (b) 2008
(c) 2009 (d) 2010

**28.** दुर्खीम के अनुसार समाजशास्त्र का प्रमुख प्रकार्य है
(a) समाज को एक आदर्श शून्यता की स्थिति से मुक्त करना ।
(b) एक विचलनशीलता के प्रकार के रूप में आत्म-हत्या को न्यूनतम करना ।
(c) समाज में यांत्रिक सुसंगठन को पुनर्स्थापित करना ।
(d) सामाजिक तथ्यों का अध्ययन करना ।

**29.** समसामयिक समाजशास्त्रीय सिद्धान्तों ने विचलनशीलता को तीन दृष्टिकोणों से परीक्षित किया है । निम्न में गलत को परखिए :
(a) विचलनकारी का सामाजिक पर्यावरण
(b) विचलनकारी स्वयं
(c) विचलनशीलता एक प्रक्रिया के रूप में
(d) विचलनशीलता एक सामाजिक असामान्यता के परिणाम के फलस्वरूप

**30.** भारत में संस्कृताइजेशन और वेस्टरनाइजेशन की प्रक्रियाओं को श्रीनिवास किस रूप में देखते हैं ?
(a) दोनों एक-दूसरे की विरोधी हैं ।
(b) दोनों एक-दूसरे के साथ आदान-प्रदान करती हैं ।
(c) दोनों ही असम्भव हैं ।
(d) दोनों में कोई एक ही अस्तित्व में होगी ।

**31.** किसने कहा कि सभी अवस्थित समाजों का इतिहास वर्ग संघर्ष का एक इतिहास है ?
(a) पैरेटो (b) मार्क्स
(c) मर्टन (d) पार्सन्स

**32.** निर्धारणवादी सिद्धांत बल देते हैं
(a) अनेक कारकों पर
(b) दो कारकों पर
(c) एक कारक पर
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**33.** माल्थस की पुस्तक "प्रिन्सिपल्स ऑफ पॉपुलेशन" का प्रथम प्रकाशन हुआ
(a) वर्ष 1779 ई. में
(b) वर्ष 1789 ई. में
(c) वर्ष 1798 ई. में
(d) वर्ष 1800 ई. में

**34.** **कथन (A)** : परिवर्तन संस्कृति की प्रकृति है ।
**कारण (R)** : परिवर्तन ब्रह्माण्ड का नियम है ।
नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कूट :**
(a) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) का सही कारण है ।
(b) दोनों (A) और (R) सही हैं, परंतु (R), (A) का सही कारण नहीं है ।
(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

**35.** "द न्यू सोशियोलोजिक इमेजिनेशन" पुस्तक किसने लिखी ?
(a) पैरेटो (b) सोरोकिन
(c) वार्ड (d) स्टीव फुलर

**36.** अर्नाल्ड टायनबी की पुस्तक "स्टडी ऑफ हिस्ट्री"
(a) दस खंडों में है ।
(b) छ: खंडों में है ।
(c) चार खंडों में है ।
(d) दो खंडों में है ।

**37.** "कम्यूनिस्ट मैनिफेस्टो" सर्वप्रथम कब प्रकाशित हुई ?
(a) 1818 ई. (b) 1848 ई.
(c) 1883 ई. (d) 1890 ई.

**38.** "एलीमेन्ट्री फार्म्स ऑफ रिलिजियस लाइफ" किसने लिखा ?
(a) दुर्खीम (b) स्पेंसर
(c) टाइलर (d) मैक्स मूलर

**39.** आठवीं पंचवर्षीय योजना प्रारंभ हुई
(a) 1990 ई. (b) 1991 ई.
(c) 1992 ई. (d) 1993 ई.

**40.** "एशियन ड्रामा" पुस्तक किसने लिखा ?
(a) गुनार मिरडल
(b) अल्वर मिरडल
(c) टी.बी. बोटोमोर
(d) डी.वी. ग्लास

**41.** निम्नांकित विश्लेषकों में किसने 'लोमड़ी' और 'शेर' पदों का प्रयोग समाजिक परिवर्तन के अध्ययन में किया है ?
(a) कार्ल मार्क्स (b) वी. पैरेटो
(c) टी. वेब्लन (d) ए. टॉयनबी

**42.** सामाजिक स्तरीकरण का कार्यात्मक सिद्धांत किसने दिया ?
(a) मैक्स वेबर
(b) डेविस एवं मूरे
(c) पार्सन्स
(d) वार्नर

**43.** निम्नांकित में से कौन सा मापदण्ड पिछड़े वर्ग के निर्धारण हेतु भारतीय संविधान में प्रदत्त है ?
(a) आर्थिक और शैक्षिक
(b) शैक्षिक और सांस्कृतिक
(c) सामाजिक और शैक्षिक
(d) सामाजिक और आर्थिक

**44.** सामाजिक परिवर्तन के प्रेरक तत्त्व हैं
(a) शिक्षा
(b) संप्रेषण व्यवस्था
(c) कुशल नेतृत्व
(d) उपर्युक्त सभी

**45.** संस्कृतीकरण किस प्रकार से सन्दर्भ समूह व्यवहार से भिन्न है ?
(a) संस्कृतीकरण मन्द एवं सन्दर्भ समूह व्यवहार तीव्र है ।
(b) संस्कृतीकरण धार्मिक तथा दूसरा धर्म विरोधी है ।
(c) संस्कृतीकरण किसी संस्कृति विशेष में तथा सन्दर्भ समूह व्यवहार सार्वभौमिक है ।
(d) उपर्युक्त सभी ।

**46.** निम्न विविध सामाजिक प्रक्रियाएँ हैं । सामाजिक प्रक्रियाओं की सूची के अन्त में दिए गये कूट से सहयोगात्मक सामाजिक प्रक्रियाओं का पता लगाइए :

**सूची :**

1. सहयोग  2. संघर्ष
3. प्रतिस्पर्द्धा  4. अनुकूलन
5. सात्मीकरण  6. प्रतिकूलता

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3  (b) 4, 5 और 6
(c) 1, 4 और 5  (d) 2, 3, और 6

**47.** 'संघर्ष स्तरीकरण को सहज बनानेवाला समझा जा सकता है न कि उसको जन्म देने वाला ।' यह दृष्टिकोण किसका है ?

(a) के. डेविस
(b) डब्ल्यू.ई. मूरे
(c) पी. सोरोकिन
(d) मैक्स वेबर

**48.** निम्न में से कौन से कारक जनसंख्या की रचना को प्रभावित करते हैं ?

1. जन्म और मृत्यु-दर
2. देशान्तरण की दिशा
3. यौन अनुपात
4. आयु समूह

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) 1 एवं 2
(b) 3 एवं 4
(c) 1, 2 एवं 3
(d) 2, 3 एवं 4

**49** सामाजिक परिवर्तन का रेखीय सिद्धांत किसने दिया ?

(a) सोरोकिन  (b) पैरेटो
(c) आगबर्न  (d) स्पेंगलर

**50.** निम्नांकित में किसका अवलोकन है कि 'पेशा और केवल पेशा ही भारत में जाति की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है' ?

(a) जी.एस. घुरये  (b) एन.के. दत्त
(c) जॉन नेसफिल्ड  (d) जे.एच. हट्टन

**51.** निम्नांकित में किसका अवलोकन है कि आधुनिक समाज मृत्यु संस्कृति की तरफ अग्रसर है ?

(a) जार्ज़ सिमेल
(b) अगस्त कोंत
(c) इमाईल दुर्खीम
(d) मैक्स वेबर

**52.** सामाजिक नियंत्रण में राज्य की शक्तियों के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(a) राज्य व्यक्तियों को अपनी मनोवृत्तियों को बदलने के लिए बाध्य नहीं कर सकता ।
(b) राज्य शिक्षा व्यवस्था की स्वायत्तता में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर सकता ।
(c) राज्य न्यायिक व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए कानून नहीं बना सकता ।
(d) राज्य ऐसे कानून नहीं बना सकता जो परम्पराओं के विरुद्ध हों ।

**53.** परिवार न्यायालय जिस वर्ष स्थापित हुआ वह

(a) 2005  (b) 1955
(c) 1982  (d) 1984

**54.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद-17 में निम्न में से कौन सा उद्देश्य निहित है ?

(a) कानून के समक्ष समानता
(b) नौकरियों में स्थान का आरक्षण
(c) अस्पृश्यता का कोई भी रूप में उन्मूलन
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**55.** प्रक्रिया का अर्थ है

(a) परिवर्तन + निरंतरता
(b) परिवर्तन + दिशा
(c) परिवर्तन + निश्चित दिशा
(d) परिवर्तन + अच्छाई

**56.** भारत में समाजशास्त्र का अध्ययन सर्वप्रथम प्रारंभ किया गया

(a) लखनऊ विश्वविद्यालय में
(b) बंबई विश्वविद्यालय में
(c) दिल्ली विश्वविद्यालय में
(d) मद्रास विश्वविद्यालय में

57. हिन्दू धर्मशास्त्र के अनुसार निम्नलिखित में कौन प्रशस्त विवाह है ?
1. ब्राह्म 2. गांधर्व
3. आर्ष 4. आसुर
5. प्रजापत्य
(a) केवल 1 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 3 और 5 (d) 1 और 4

58. इमाईल दुर्खीम जो अगस्त कोंत के उत्तराधिकारी के रूप में जाने जाते हैं, पैदा हुए वर्ष
(a) 1858 ई. (b) 1864 ई.
(c) 1869 ई. (d) 1874 ई.

59. निम्नलिखित में से कौन से कारक समाजशास्त्र विषय के उद्‌भव के लिए जिम्मेदार हैं ?
1. फ्रांस की क्रांति
2. औद्योगिक क्रांति
3. प्रजातंत्र का विस्तार
4. शिक्षा का विस्तार
(a) 1 और 4 (b) 3 और 4
(c) 1 और 2 (d) 2 और 3

60 भारतीय सामन्तवाद की यूरोपीय जागीरदारी से भिन्नता का आधार था
(a) राजा के समक्ष जमींदारों की राजनीतिक अधीनता ।
(b) जमींदारों की आर्थिक स्वतंत्रता ।
(c) भूमि पर निजी स्वामीत्व का अभाव ।
(d) दासत्व का अस्तित्व ।

61. निम्न में से कौन एक हिन्दू विवाह के आदर्शों का सही क्रम है ?
(a) प्रजा, धर्म, रति
(b) रति, प्रजा, धर्म
(c) धर्म, प्रजा, रति
(d) रति, धर्म, प्रजा

62. सम्पत्ति उत्तराधिकार अधिनियम ने संयुक्त परिवार के किस एक प्राविधान को प्रभावित किया है ?
(a) सामान्य सम्पत्ति
(b) पितृ-पूजा
(c) त्यौहारों का मनाना
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. 'अर्बनाइजेशन एण्ड फेमिली चेंज' पुस्तक किसने लिखी है ?
(a) के. डेविस
(b) के.एम. कपाड़िया
(c) आई.पी. देसाई
(d) एम.एस. गोरे

64. किसने कहा कि "समाज सामाजिक संबंधों का जाल है" ?
(a) आगबर्न और निमकाफ
(b) मैकाईवर और पेज
(c) इलिएट और मेरिल
(d) गुडे और हाट

65. व्यक्तिवादिता एवं भौतिकवादिता की विशेषताएँ मिलती हैं
(a) औद्योगिक समाज में
(b) कृषक समाज में
(c) जनजातीय समाज में
(d) उपर्युक्त सभी

66. निम्न में कौन पुरुषार्थ का तत्त्व नहीं है ?
(a) धर्म (b) अर्थ
(c) काम (d) मृत्यु

67. निम्नांकित समाज अस्थियों में किसने 'मार्फोस्टैसिस' और 'मार्फोजेनेसिस' की अवधारणाएँ दी ?
(a) एन्थनी गिडेन्स
(b) मार्गरेट आर्चर
(c) अलरिच बेक
(d) ज्याँ बौद्रिलार्ड

**68.** निम्न में से कौन सी विशेषता समिति की नहीं है ?

(a) समिति व्यक्तियों का संगठन है ।

(b) समिति का निश्चित उद्देश्य होता है ।

(c) समिति की सदस्यता ऐच्छिक है ।

(d) समिति आदर्श नियमों का संग्रह है ।

**69.** एशियाई समाजों की प्रमुख विशेषता क्या है ?

(a) आत्मनिर्भर समुदाय

(b) अपने आप को उसी रूप में बार-बार पुनरूत्पादित कर लेना ।

(c) आत्म-निर्भर एवं अपने आपको उसी रूप में पुनरूत्पादित कर लेना ।

(d) आत्मनिर्भर एवं अपने आपको नये रूप में पुनरूत्पादित कर लेना ।

**70.** निम्नांकित में से किसने प्रतिष्ठा का वर्गीकरण सैलिएन्ट स्टेटस, डामिनेन्ट स्टेटस और कन्ट्रोलिंग स्टेटस में किया है ?

(a) आर. लिन्टन

(b) टी. पार्सन्स

(c) आर.के. मर्टन

(d) राबर्ट बीरस्टीड

**71.** 'भूमिका-दूरी' शब्द का विरचन किया गया है

(a) इर्विंग गाफमैन द्वारा

(b) आर.के. मर्टन द्वारा

(c) टल्कट पार्सन्स द्वारा

(d) मार्विन स्काट द्वारा

**72.** किसने कहा कि समाजशास्त्र का अध्ययन दो भागों सामाजिक स्थितिशास्त्र और सामाजिक गतिशास्त्र में होना चाहिए ?

(a) सेंट साईमन

(b) अगस्त कोंत

(c) हरबर्ट स्पेंसर

(d) इमाईल दुर्खीम

**73.** निम्न में से कौन वर्ग-निर्धारण का आधार नहीं है ?

(a) सम्पत्ति, धन तथा आय

(b) धन एवं शक्ति

(c) शक्ति संरचना में स्थान

(d) जाति व्यवस्था

**74.** जे.एच. हट्टन ने अस्पृश्य जातियों को किस नाम से सम्बोधित किया ?

(a) हरिजन

(b) अनुसूचित जाति

(c) बाह्य जाति

(d) दलित

**75** 'ए हिस्ट्री ऑफ इंडियन सिविलाइजेशन' के लेखक कौन हैं ?

(a) राधाकमल मुकर्जी

(b) एस. राधाकृष्णन

(c) एम.एन. श्रीनिवास

(d) जी.एस. घुरये

**76.** प्राथमिक सामाजिक समूह की आवश्यक विशेषताएँ हैं

1. सादृश्य हित
2. सामान्य हित
3. हम भावना
4. वे भावना

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) 1 और 3

(b) 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) 1 और 4

77. सर्वप्रथम समाजशास्त्र को नाम दिया गया
(a) सामाजिक भौतिकी
(b) सामाजिक स्थितिशास्त्र
(c) सामाजिक गतिशास्त्र
(d) सामाजिक यांत्रिकी

78. 'भूमिका' पर कौन सा कथन गलत है ?
(a) यह अपेक्षाओं का एक पुँज है ।
(b) एक व्यक्ति की भूमिका को बिना दूसरे व्यक्ति की भूमिका के उद्धरण के परिभाषित करना कठिन है ।
(c) भूमिकाएँ अधिकार एवं कर्त्तव्यों की शृंखला हैं ।
(d) भूमिका का प्रस्थिति के साथ कोई साहचर्य नहीं है ।

79. एस. राबर्ट और एच.एम. लिन्ड की पुस्तक "मिडिल टाउन" विवरण है
(a) कृषक समुदाय का
(b) अमरीकी समुदाय का
(c) अफ्रीकी समुदाय का
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

80. निम्न में से किसको 'द्विज' कहा गया है ?
(a) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य
(b) क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र
(c) ब्राह्मण, वैश्य, शूद्र
(d) शूद्र, क्षत्रिय, ब्राह्मण

81. 'अमेरिकन जर्नल ऑफ सोशियोलॉजी' को किसने प्रारम्भ किया ?
(a) ए.डब्ल्यू. स्माल
(b) डब्ल्यू.जी. समनर
(c) पी.ए. सोरोकिन
(d) टी. पार्सन्स

82. निम्न में से कौन एक युग्म सुमेलित नहीं है ?
(a) सावयवी समैक्य (सुदृढ़ता) – ई. दुर्खीम
(b) व्यक्तिवादी प्रकार्यवाद – आर.के. मर्टन
(c) प्रतिमान चर – टी. पार्सन्स
(d) आत्म-दर्पण – सी.एच. कूले

83. किसका मत था कि 'भारत में समाजशास्त्र एवं सामाजिक मानवशास्त्र के मध्य अन्तर स्थापित करना सामाजिक यथार्थ के प्रति हिंसा करना है' ?
(a) एस.पी. नगेन्द्र
(b) आई.पी. देसाई
(c) एस.सी. दुबे
(d) एम.एन. श्रीनिवास

84. किसने "सोसियोलोजिकल थियरीज ऑफ टुडे" नामक पुस्तक लिखा है ?
(a) टी. पार्सन्स
(b) पी.ए. सोरोकिन
(c) वी. पैरेटो
(d) सी.एच. कूले

85. कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(a) सामाजिक तथ्य – दुर्खीम
(b) सामाजिक उद्विकास – स्पेंसर
(c) रेन्टियर क्लास – पैरेटो
(d) पवित्र एवं साधारण – कोंत

86. राल्फ डहरेनडार्फ अच्छी तरह अपने जिस सिद्धान्त के लिए जाने जाते हैं, वह है
(a) संघर्ष
(b) सामाजिक उद्विकास
(c) प्रकार्यवाद
(d) प्रत्यक्षवाद

87. "रीलिजन एमंग दी प्रिमिटिव्स" पुस्तक किसने लिखी ?
(a) ई. दुर्खीम
(b) मैलिनास्की
(c) रेडक्लिफ ब्राउन
(d) डब्ल्यू.जे. गुडे

88. किसका अवलोकन है कि, "गन्दी बस्ती क्षेत्र अपराध, वेश्यावृत्ति, रोग, पारिवारिक विघटन तथा दूसरे प्रकार के विचलनकारी व्यवहार की विशिष्ट जन्मस्थली है" ?
(a) मैकाईवर और पेज
(b) पार्क और बर्जेस
(c) इलियट और मेरिल
(d) डेविस और मूर

**89.** निम्नांकित समाजशास्त्रियों में किसने समाज के अध्ययन में 'संरचनात्मक दृष्टव्यवों' की अवधारणा को विकसित किया ?

(a) एस.एफ. नाडेल
(b) आर.के. मर्टन
(c) राबर्ट बीरस्टीड
(d) जार्ज़ सिमेल

**90.** निम्नलिखित में से किसने यह कहा कि "मूलभूत सामाजिक इकाई परिवार है व्यक्ति नहीं" ?

(a) सी.एच. कूले
(b) मैक्स वेबर
(c) इमाईल दुर्खीम
(d) अगस्त कोंत

**91.** सर्वप्रथम औद्योगिक क्रांति कहाँ हुई ?

(a) यू.के. (b) यू.एस.ए.
(c) यू.एस.एस.आर. (d) फ्रांस

**92.** निम्नांकित में से कौन सा कथन गलत है ?

(a) समुदाय चरित्र एवं आकार में अधिकाधिक भिन्न होते हैं ।
(b) लघु ग्रामीण समुदाय में अधिकाधिक अंश में एकता एवं समरूप सांस्कृतिक प्रारूप सन्निहित होते हैं ।
(c) लघु ग्रामीण समुदाय संविदात्मक सम्बन्धों पर आधारित होते हैं ।
(d) एक बार जब समुदाय स्थापित हो जाता है, इसमें सामान्य संस्कृति विकसित होती है ।

**93.** "अमेरिकन सोसियोलोजिकल सोसाइटी" का प्रथम अध्यक्ष कौन था ?

(a) स्माल (b) समनर
(c) पार्सन्स (d) वार्ड

**94.** 'विलासी वर्ग' की अवधारणा किसने दी ?

(a) एल.एफ. वार्ड
(b) थार्सटीन वेब्लेन
(c) टी. वेब्लेन
(d) सोरोकिन

**95.** सामाजीकरण के विषय में निम्नांकित में कौन सर्वाधिक यथार्थ है ?

(a) किसी व्यक्ति का सम्पूर्ण जीवन
(b) किसी का व्यक्तित्व
(c) किसी की भूमिका
(d) किसी की अभिवृत्ति एवं कुशलता

**96.** किसने कहा कि "पर्यावरण जानवर को रूपान्तरित करता है जबकि मनुष्य पर्यावरण को रूपान्तरित करता है" ?

(a) वार्ड (b) स्माल
(c) कूले (d) टॉनीज

**97.** निम्न में से कौन अनुसूचित जनजाति नहीं है ?

(a) कूकी (b) चांडाल
(c) गूजर (d) खस

**98.** निम्नांकित कथनों में कौन सामाजिक स्तरीकरण के विषय में सही है ?

(a) यह एक सार्वभौमिक घटना है ।
(b) यह एक विशिष्ट समाज तक सीमित है ।
(c) यह एक क्षेत्रीय घटना है ।
(d) यह केवल भारत तक सीमित है ।

**99.** टल्कट पार्सन्स के अनुसार, निम्न में से कौन से कार्य किसी सामाजिक व्यवस्था को बनाएँ रखने हेतु आवश्यक हैं ?

1. अनुकूलन
2. सामाजिक क्रिया
3. एकीकरण
4. लक्ष्य प्राप्ति
5. प्रतिमान अनुरक्षण
6. समाजीकरण

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(a) 1, 2, 3 एवं 4 (b) 4, 5, 1 एवं 6
(c) 1, 3, 4 एवं 5 (d) 1, 2, 4 एवं 5

**100.** जादू, धर्म एवं विज्ञान में क्या सामान्य है ?

(a) अवलोकन एवं प्रयोग
(b) मानव पर समान प्रभाव
(c) अज्ञात की ओर उन्मुखता
(d) अलौकिक के प्रति उन्मुखता